अदायगी की जाये जिससे, अदा की गयी कुल रकम, जिसमें आवंटित शेयरों का मूल्य भी शामिल है, बैंक के विरुद्ध जमाकर्ताओं के दावों के पूर्ण निपटारे के रूप में 40 प्रतिशत तक हो जाये। बैंक 10 प्रतिशत रकम तक के शेयर दे चुका है और 15 अगस्त, 1947 को जमा रकमों के 25 प्रतिशत के आधार पर देय 20 लाख रुपयों में से 17.15 लाख रुपये की अदायगी भी कर दी गयी है। लेकिन वसूली न होने और उन लोगों के बारे में पूरी जानकारी के न मिलने के कारण जिससे बैंक ने रकमें लेनी हैं, बैंक को अभी तक मुआवजे की पूरी रकम की अदायगी नहीं की गयी है। बैंक की बाकी परिसम्पत्तियों के वसूल होने पर ही, जमाकर्ताओं को और अदायगी करने के सम्बन्ध में सूचना दी जा सकती है; और यह महसूस किया जायेगा कि इस सम्बन्ध में कोई तारीख निश्चित नहीं की जा सकती।

दिल्ली के चारों ओर नलकूपों के लिए बिजली कनेक्शन

4844. **श्री शशि भूषण** : क्या सिचाई तथा विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान समाचारपत्रों में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि दिल्ली के चारों ओर गांवों में किसानों को उनकी सिंचाई सम्बंधी आवश्यक्ताओं को पूरा करने के लिये नलकूपों के लिये बिजली के कनेक्शन नहीं दिये जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख). एक रिपोर्ट में जो 25-11-1969 को अखबार में छपी थी यह आरोप लगाया गया था कि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को छः महीने तक नलकूप कनेक्शन नहीं दिए गए। दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान ने सूचित किया है कि अप्रैल-नवम्बर की अवधि के दौरान इस वर्ष में 7592 नलकूपों को ऊर्जित किया गया और 26 अक्तूबर से 25 नवम्बर, तक एक माह की अवधि के दौरान 292 नलकूप कनेक्शन दिये गये और यथासंभव कम से कम समय में नलकूपों को ऊर्जित करने के लिए सभी सम्भव प्रयत्न किए जाते हैं।

FUNCTIONS OF CHIEF ELECTRICAL ENGINEER OF BIHAR

4845. SHRI SITARAM KESRI : Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) whether the present Chief Electrical Engineer of Bihar has assumed charge of the Electricity Department and since when he has started the supervision of the works Division ;

(b) the number of Works Divisions and Sub-Divisions under the Chief Electrical Engineer;

(c) the dates when the present Chief Electrical Engineer paid visits to the Works Division and Sub-Division for inspection;

(d) if so, how many inspection reports the Chief Electrical Engineer has sent and the respective States; and

(e) the irregularities that were detected during the inspections and the actions taken thereon?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD) : (a) The present Chief Electrical Engineer assumed charge of the Electricity Department of the Government of Bihar on 4th November, 1964. In April, 1965, he was also appointed as Chief Engineer of the Bihar State Electricity Board. Since December, 1966, he has taken up whole-time charge of the Electricity Department of the Government of Bihar, as its Chief Electrical Engineer and Chief Electrical Inspector.